C·S(M) 09

**Sl. No.** 3866

**B–DTN–J–IJA**

# HISTORY

## Paper—I

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300 |
|---|---|

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Answers should be precise and to-the-point.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## Section—A

1. Mark any *fifteen* of the following places on the map supplied to you and write short descriptive notes on these places marked by you : 4×15=60

*(i)* Koldihwa

*(ii)* Kuchai

*(iii)* Utnur

*(iv)* Patne

*(v)* Semthan

*(vi)* Bagasra

*(vii)* Balathal

*(viii)* Hallur

*(ix)* Kandahar

*(x)* Ter

*(xi)* Uchh

*(xii)* Gyaraspur

*(xiii)* Uttaramerur

*(xiv)* Lalkot

*(xv)* Sittanavasal

*(xvi)* Mansura

*(xvii)* Jaunpur

*(xviii)* Daojali Hading

*(xix)* Machilipatnam

*(xx)* Mahisadal

## खण्ड—क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** स्थानों को आपको दिए गए नक्शे पर चिह्नित कीजिए और उन्हीं पन्द्रह स्थानों के सम्बन्ध में अपनी उत्तर-पुस्तिका में संक्षिप्त वर्णनात्मक टिप्पणियाँ लिखिए : 4×15=60

   *(i)* कोल्डिहवा

   *(ii)* कुचई

   *(iii)* उट्नूर

   *(iv)* पट्ने

   *(v)* सेमथन

   *(vi)* बगसरा

   *(vii)* बालाथल

   *(viii)* हल्लूर

   *(ix)* कंदहार

   *(x)* तेर

   *(xi)* उच्छ

   *(xii)* ग्यारसपुर

   *(xiii)* उत्तरमेरुर

   *(xiv)* लालकोट

   *(xv)* सित्तनवासल

   *(xvi)* मंसूरा

   *(xvii)* जौनपुर

   *(xviii)* दावोजली हर्डींग

   *(xix)* मछिलिपटनम

   *(xx)* महिसदल

2. In what ways are the accounts of the Graeco-Romans and the Chinese helpful in reconstructing the social history of India? How far is their information corroborated by other contemporary sources? 60

3. *(a)* Evaluate the various approaches to the understanding of Vedic religion. 30

   *(b)* Give an account of the use of gold coins by commoners in the Gupta period. 30

4. Bring out the regional variations in the early South Indian temples' architectural styles. 60

## Section—B

5. Write short essays in not more than *200* words each on any *three* of the following : 20×3=60

   *(a)* Applicability of the term 'Indian Feudalism' to early Medieval society

   *(b)* Muhammad Tughluq as an agrarian innovator

   *(c)* Implications of Akbar's notion of Sulh-i-Kul

   *(d)* Estimates of population of Mughal India

6. *(a)* How far can the village assemblies or communities under the Cholas be really called democratic? 30

   *(b)* Assess Kalhana's views on history. 30

2. भारत के सामाजिक इतिहास का पुनर्निर्माण करने में यूनानी-रोमनों और चीनियों के वृत्तांत किस प्रकार सहायक हैं? उनके द्वारा दी गई सूचना की अन्य समकालीन स्रोतों के द्वारा किस सीमा तक परिपुष्टि होती है? 60

3. (क) वैदिक धर्म के सम्यक्‌बोध के विभिन्न उपागमों का मूल्यांकन कीजिए। 30

(ख) गुप्त काल में सामान्यजन द्वारा स्वर्ण सिक्कों के इस्तेमाल का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए। 30

4. प्रारंभिक दक्षिण भारतीय मंदिर में वास्तुकलात्मक शैलियों की प्रादेशिक विभिन्नताओं पर प्रकाश डालिए। 60

## खण्ड—ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त निबंध लिखिए, जो प्रत्येक *200* शब्दों से अधिक में न हो : 20×3=60

(क) पूर्व मध्यकालीन समाज के लिए 'भारतीय सामंतवाद' शब्द की अनुप्रयोज्यता

(ख) भूमि सम्बन्धी नवप्रवर्तक के रूप में मुहम्मद तुग़लक

(ग) अकबर के सुलह-ए-कुल के अभिप्राय के निहितार्थ

(घ) मुग़लकालीन भारत की जनसंख्या के अनुमान

6. (क) चोलों के अधीन ग्राम्य सभाओं या समुदायों को किस सीमा तक वस्तुतः लोकतांत्रिक कहा जा सकता है? 30

(ख) इतिहास पर कल्हण के विचारों का आकलन कीजिए। 30

**7.** *(a)* Identify the main factors that sustained the expansion of urban economy in the Delhi Sultanate. 30

*(b)* Give an estimate of Akbar as a promoter of technology. 30

**8.** *(a)* Give a critical assessment of the contributions of Amir Khusrau and Barani to Indo-Persian literature. 30

*(b)* "The major causes of revolts against the Mughal Empire during the latter half of the 17th century were economic, rather than religious." Discuss. 30

**7.** (क) दिल्ली सुल्तान-राज्य में नगरीय अर्थव्यवस्था के विस्तार को बनाए रखने वाले प्रमुख कारकों की पहचान कीजिए। 30

(ख) प्रौद्योगिकी के संप्रवर्तक के रूप में अकबर का एक प्राक्कलन प्रस्तुत कीजिए। 30

**8.** (क) भारतीय-फारसी साहित्य को अमीर ख़ुसरो और बरानी के योगदानों का समालोचनात्मक आकलन प्रस्तुत कीजिए। 30

(ख) ''सतरहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, मुग़ल साम्राज्य के विरुद्ध विद्रोहों के प्रमुख कारण आर्थिक थे, न कि धार्मिक।'' चर्चा कीजिए। 30

★ ★ ★

**B–DTN–J–IJA**

# इतिहास

## प्रश्न-पत्र—I

| समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300 |
| --- | --- |

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।*

*उत्तर संक्षिप्त और सटीक होने चाहिए।*

---

**Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.

C.S(M)09

Sl. No. 4207

B-DTN-J-IJB

# HISTORY

## Paper II

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos. 1 and 5 which are compulsory, and any **three** of the remaining questions selecting at least **one** question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

***ध्यान दें :*** *अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।*

## Section 'A'

## (Modern India)

**1.** Comment on any *three* of the following statements in about 200 words each : 20×3=60

(a) "Though the Permanent Settlement had serious defects, it gave tranquillity to the countryside and stability to the government."

(b) "The Arya Samaj may quite logically be pronounced as the outcome of conditions imported into India by the west."

(Lala Lajpat Rai)

(c) "Please remember, in granting separate electorates we are sowing the dragon's teeth and the harvest will be bitter." (Morley)

(d) "The annexation of Awadh shook the loyalty of the Sepoys, as it was for them an ultimate proof of untrustworthiness of the British."

**2.** (a) Why was Mysore considered a threat by the British to their possessions and mercantile interests in the south. Do you think that Tipu Sultan's posturing became his undoing ? 30

(b) How did the East India Company become the *dejure* power in India ? 30

## खण्ड 'क'

## (आधुनिक भारत)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** कथनों पर टिप्पणी कीजिए, जो प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में होनी चाहिए : 20×3=60

(क) ''यद्यपि स्थायी बंदोबस्त के गंभीर दोष थे, तथापि उसने ग्रामीण क्षेत्रों को शांति और सरकार को स्थायित्व प्रदान किया।''

(ख) ''आर्य समाज को बिलकुल तर्कसंगत रूप से, पश्चिम द्वारा भारत में आयातित दशाओं के परिणाम के रूप में घोषित किया जा सकता है।'' (लाला लाजपत राय)

(ग) ''कृपया याद रखिए कि पृथक् निर्वाचक वर्गों को मंजूरी प्रदान करने में हम ड्रैगन के दांतों की बुआई कर रहे हैं और कि उपज कड़वी ही होगी।'' (मोर्ले)

(घ) ''अवध के समामेलन ने सिपाहियों की निष्ठा को झंझोड़ दिया था, क्योंकि उनके लिए यह अंग्रेज़ों की अविश्वसनीयता का एक अंतिम साक्ष्य था''

2. (क) क्या कारण था कि अंग्रेज़ मैसूर को दक्षिण में अपने अधिकृत क्षेत्रों और व्यापारी हितों के लिए एक खतरा मानते थे ? क्या आपके विचार में टीपू सुल्तान द्वारा अपनाया गया रुख ही उसके विनाश का कारण बना ? 30

(ख) ईस्ट इंडिया कंपनी किस प्रकार भारत में **विधितः** शक्ति बन गई थी ? 30

3. (a) How did social legislation in the nineteenth century improve the condition of women in India ? 30

(b) Analyse the social composition of the early Congress leadership. 30

4. (a) Discuss as to why the Congress accepted the partition of India in 1947. 30

(b) Do you think that the Quit India movement was a Spontaneous Revolution ? 30

## Section 'B'

## (World History)

5. Comment on any *three* of the following statements in about 200 words each : 20×3=60

(a) "The capitalism which gave the European empires their apparent solidarity and permanence also hastened their downfall."

(b) "In all the long annals of Imperialism, the partition of Africa is a remarkable freak."

(c) "Hitler did not really want a world war. His intention was only a short war with Poland."
(A. J. P. Taylor)

(d) "Arab nationalism and oil — these were the principal factors in complicating the relations of middle eastern countries with the outside world."

3. (क) उन्नीसवीं शताब्दी में सामाजिक विधान ने किस प्रकार भारत में महिलाओं की दशा सुधारी थी ? 30

(ख) प्रारंभिक कांग्रेस नेतृत्व के सामाजिक संघटन का विश्लेषण कीजिए। 30

4. (क) चर्चा कीजिए कि 1947 में कांग्रेस ने भारत का विभाजन किस कारण से स्वीकार किया था ? 30

(ख) क्या आपके विचार में 'भारत छोड़ो आंदोलन' एक स्वतःस्फूर्त क्रांति थी ? 30

## खण्ड 'ख'

## (विश्व इतिहास)

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** कथनों पर टिप्पणी कीजिए, जो प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में हो : 20×3=60

(क) ''जिस पूंजीवाद ने यूरोपीय साम्राज्यों को उनकी आभासी एकता और स्थायित्व प्रदान किया था, उसी पूंजीवाद ने उनके पतन की गति भी तेज़ कर दी थी।''

(ख) ''साम्राज्यवाद के सारे लंबे इतिवृत्तों में, अफ्रीका का विभाजन एक उल्लेखनीय अति असाधारण घटना है।''

(ग) ''हिटलर वास्तव में विश्व युद्ध नहीं चाहता था। उसका इरादा पोलैंड के साथ केवल एक संक्षिप्त युद्ध का ही था।'' (ए.जे.पी. टेलर)

(घ) ''अरब राष्ट्रीयता और तेल — मध्य पूर्वी देशों के बाहरी संसार के साथ संबंधों में उलझन पैदा करने में यही प्रधान कारक थे।''

6. (a) Discuss the emergence of neo-imperialism in the late nineteenth century. 30

(b) What was the extent of industrialization in western Europe by the end of the nineteenth century ? 30

7. (a) How did Napoleon Bonaparte fuse the old France with the new ? 30

(b) Why did Vietnam go through thirty years of war after the second world war ? 30

8. (a) Account for the overthrow of the Tsarist regime in Russia. 30

(b) Examine the peace-keeping efforts of the United Nations Organization. 30

---

6. (क) उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में नव-साम्राज्यवाद के उद्‌गमन पर चर्चा कीजिए। 30

(ख) उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक पश्चिमी यूरोप में औद्योगीकरण का कितना विस्तार था ? 30

7. (क) नैपोलियन बोनापार्ट ने प्राचीन फ्रांस को नवीन फ्रांस के साथ किस प्रकार संगलित किया था ? 30

(ख) द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् वीयतनाम को तीस वर्षों का युद्ध क्यों झेलना पड़ा था ? 30

8. (क) रूस में ज़ारवादी शासन के तख्ता उलट दिए जाने के कारणों को बताइए। 30

(ख) संयुक्त राष्ट्र संगठन के शांति-अभिरक्षण प्रयासों का परीक्षण कीजिए। 30

**B-DTN-J-IJB**

# इतिहास

## प्रश्न-पत्र II

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*